प्रेस नोट थाना निगोही

जनपद- शाहजहाँपुर पुलिस

सराहनीय कार्य दिनांक 03.04.2026

थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 153/2026 धारा 305/331(6) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का 33 किलोग्राम तार बरामद

श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराधों की रोकथाम के सम्बन्ध में चलाये गये अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण व श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक थाना निगोही के नेतृत्व मे थाना निगोही पुलिस टीम द्वारा बडी कार्यवाही की गई है।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 02.04.2026 को वादी श्री गौरव कुमार पुत्र भारत लाल निवासी ग्राम पैना खुर्द थाना सिंधौली जनपद शाहजहाँपुर की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 153/2026 धारा 305/331(6) BNS_बनाम 1.कुन्नू उर्फ अर्जुन पुत्र रतिपाल 2. नरवीर पुत्र धर्मवीर वर्मा निवासीगण ग्राम उदरिया थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर 3. अन्य दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात पंजीकृत होकर विवेचना उ0नि0 श्री ऋषिपाल सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है। विवेचना के मध्य विधिक कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 03.04.2026 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम संडा खास मे सरकारी बिजली का तार चोरी करने वाले अभियुक्तगण नरवीर पुत्र धर्मवीर वर्मा निवासी ग्राम उदरिया थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर व उसके दो साथी रेलवे स्टेशन निगोही के पास ग्राम कटैय्या उस्मानपुर जाने वाले कच्चे रास्ते पर मोटरसाइकिल से आ रहे है इस सूचना पर थाना पुलिस द्वारा मुखबिर द्वारा बताये स्थान ग्राम कटैया उस्मानपुर जाने वाले रास्ते पर पहुंचे तो देखा की कटैया उस्मानपुर की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर 03 व्यक्ति आ रहे है जो हम पुलिस वालो को देखकर मोटरसाइकिल को पीछे मोडकर भागने का प्रयास करने लगे, भागते हुए व्यक्तियो को एक बारगी दबिश देकर घेर घोटकर ग्राम कटैय्या उस्मानपुर जाने वाले कच्चे रास्ते से करीब 100 मीटर की दूरी पर समय करीब 00.20 बजे हिरासत पुलिस मे लिया गया। पकडे गये व्यक्तियो के कब्जे से कुल 33 किलो0 सरकारी बिजली का तार चोरी किया हुआ बरामद हुआ। माल बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 317(2) बीएनएस की वृद्दि की गई तथा तीनो अभियुक्तगणो के कब्जे से बरामद मोटरसाइकिल UP 27 AW 4212 HF डीलक्स के कोई कागजात न होने के कारण मौके पर

अंतर्गत धारा 207 एमवी एक्ट मे सीज किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण 1. नरवीर पुत्र धर्मवीर वर्मा 2. गोविंद वर्मा पुत्र छोटेलाल निवासी गण ग्राम उदरिया थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर 3. बंटू उर्फ ललित मोहन पुत्र कुंवरसेन निवासी ग्राम गुलेंदा गौटिया थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत को मा0 न्यायालय से रिमाण्ड स्वीकृत कराकर जेल भेजा जा रहा है।

गिरफ्तारी का दिनाक व समय एवं स्थान-

दिनांक 03.04.2026 को समय 00.20 बजे रेलवे स्टेशन निगोही के पास ग्राम कटैया उस्मानपुर को जाने वाले कच्चे रास्ते पर 100 मीटर की दूरी

गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण का विवरण—

1. नरवीर पुत्र धर्मवीर वर्मा उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम उदरिया थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर
2. गोविंद वर्मा पुत्र छोटेलाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम उदरिया थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर
3. बंटू उर्फ ललित मोहन पुत्र कुंवरसेन उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम गुलेंदा गौटिया थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत

बरामदगी का विवरण –

1. चोरी का 33 किलो0 तार
2. एक मोटरसाइकिल नं0 UP 27 AW 4212 HF डीलक्स रंग काली व लाल बरामद हुई।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1.उ0नि0 श्री ऋषिपाल सिंह थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर
2.उ0नि0 श्री ओमकार सिंह थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर
3.उ0नि0 श्री पंकज कुमार थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर
4.का0 2760 कर्मवीर सिंह थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर
5.का0 2801 सचिन कुमार थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर
6.का0 2539 कुलदीप कुमार थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर